आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 29.10.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को स्वास्थ्य क्षेत्र संबंधी 12 हजार 850 करोड़ रुपये की परियोजाओं की सौगात दी–प्रदेश में भी आठ क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स का शिलान्यास।
- प्रधानमंत्री ने 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे–कहा–सरकार युवाओं को अधिकतिम रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध।
- सीकर के लक्ष्मणगढ़ में हृदय विदारक हादसे में 12 लोगों की मृत्यु–25 से ज्यादा घायल।
- धनतेरस के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव का शुभारंभ–बाजारों और घरों में आकर्षक रोशनी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नौवें आयुर्वेद दिवस पर नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान से देश को स्वास्थ्य क्षेत्र संबंधी 12 हजार 850 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात दी। साथ ही, आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष और इससे अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को अब 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। कार्यक्रम में पीएम आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत राजस्थान में भी 8 क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स का वर्चुअल शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस कार्यक्रम से भरतपुर के आरबीएम अस्पताल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े। प्रधानमंत्री ने इस दौरान देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार राष्ट्रीय चरित्र और सामाजिक ताने–बाने की आत्मा 'सर्वे सन्तु निरामय' को आधार मानते हुए सबका साथ–सबका विकास की संकल्पना के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार विकसित एवं निरामय भारत के सपने को पूरा करने के लिए संकल्पित है।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से देश में आयुर्वेद को आज एक नया मुकाम मिला है। देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज मिलने से उन्हें निःशुल्क इलाज मिल सकेगा, जिससे हमारे बुजुर्ग इलाज के लिए अब किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि पीएम आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत आज प्रदेश में भरतपुर, धौलपुर, चूरू, बूंदी, चित्तौड़गढ़, सिरोही, करौली तथा हनुमानगढ़ में क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स का शिलान्यास किया गया है। इनकी स्थापना जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में की जा रही है।
उन्होंने कहा कि आईसीयू बैड, ऑक्सीजन, वेंटीलेशन, ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य इमरजेंसी सुविधाओं से लैस इन ब्लॉक्स से प्रदेश में आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर काम कर रही है।

..............

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत करौली में क्रिटिकल यूनिट के तहत शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान सांसद भजनलाल जाटव तथा विधायक दर्शन सिंह गुर्जर और हंसराज मीणा मौजूद रहे। इसी तरह चित्तौड़गढ़ मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री और जिला प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, सांसद सीपी जोशी, जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली उपस्थित रहे। मेडिकल कॉलेज में 50 बैड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक आज से शुरू हुआ। सिरोही में एम्स जोधपुर की स्वास्थ्य सेवाओं की ड्रोन डिलीवरी का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में विधायक समाराम गरासीया और मोतीलाल कोली उपस्थित रहे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार युवाओं को अधिकतम रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से आयोजन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत देश की पांच सौ शीर्ष कम्पनियों में युवाओं के लिए पेड इंटर्नशिप की पहल की है। युवाओं को अनुभव और अवसर उपलब्ध कराने के लिए व्यापक प्रबंध किये गये

हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को लगातार स्थायी सरकारी नौकरियां दे रही है। प्रदेश में आज जयपुर और जोधपुर में रोजगार मेले आयोजि किये गये। जयपुर में केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। उधर, जोधपुर में रोजगार मेले में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने बताया कि अब तक बड़ी संख्या में रोजगार मेलों के जरिए युवाओं को रोजगार से जोडा गया है।

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि जोधपुर एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल बनने के बाद यहां की कनेक्टिविटी देश और दुनिया के शहरों से बेहतर होगी। पत्रकारों से बातचीत में श्री शेखावत ने कहा कि इसका लाभ पर्यटन और उद्योग क्षेत्र को होने वाला है। उन्होंने बताया कि जोधपुर अभी अहमदाबाद, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, जयपुर, मुंबई और दिल्ली से जुड़ा हुआ है। आने वाले समय में जोधपुर देश के अन्य शहरों से जुड़ने के साथ दुनिया के शहरों से भी जुड़े, इस दिशा में भी काम किया जाएगा।

000

सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ में आज हुए हृदय विदारक हादसे में 12 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 25 से ज्यादा घायल हुए हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब यात्रियों से भरी एक निजी बस बेकाबू होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यह बस सुजानगढ़ से नवलगढ़ जा रही थी। हमारे सीकर संवाददाता ने बताया कि हादसे के बाद सबसे पहले आस–पास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरु किया।

............

सीकर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सत्येन्द्र चौधरी ने बताया कि ज्यादातर मृतक स्थानीय निवासी थे।

............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि घायलों के समुचित इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

000

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में प्रदेशभर में आज 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में अमर जवान ज्योति पर 'रन फॉर यूनिटी – एक भारत, श्रेष्ठ भारत' मैराथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने उपस्थित जन समूह को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद जिस तरह सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ता के बल पर देश को एकता के सूत्र में पिरोया, उससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

राज्य के अन्य जिलों में भी दौड़ रखी गई। जयपुर में जिला कलेक्ट्रेट पार्क में शपथ कार्यक्रम हुआ। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा में स्वयं को समर्पित करने की शपथ दिलाई। ब्यावर में जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर से चांद गेट तक रैली का आयोजन किया गया। भीलवाड़ा में जिला कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रीय एकता के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। झालावाड़ में गढ़ परिसर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर के नेतृत्व में रन फोर यूनिटी का आयोजन किया गया।

000

पांच दिवसीय दीपोत्सव की आज धनतेरस के साथ शुरूआत हुई। धनतेरस पर बरतन, आभूषण और खरीदारी का विशेष महत्व माना गया है। इस कारण आज दिनभर बरतनों और आभूषणों की दुकानों पर भीड़ रही। कल छोटी दीपावली मनाई जाएगी। इसे नरक चतुर्दशी या रूप चतुर्दशी भी कहा जाता है। 31 अक्टूबर को दीपावली मनाई जाएगी। दीपावली पर लोग घरों में विशेष साज सज्जा के साथ धन की देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और मिठाईयां तथा उपहारों का आदान–प्रदान करते हैं। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा, अन्नकूट और भाईदूज के आयोजन होंगे। दीपावली पर प्रदेश के सभी जिलों में बाजारों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।

000

आज धनवन्तरि जयंती है। धनवन्तरि को आयुर्वेद का जनक माना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनतेरस और आयुर्वेद दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं।

000